(b) the details of their position; and

(c) the expected tenure of this current freeze on cotton exports?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI G. VENKAT SWAMY): (a) and (b) The Cotton Corporation of Iadia has complied with Government decision to suspend export of cotton as ahnooBal price rise is not in the longterm interest of the country.

(c) The Government hag been periodically reviewing the cotton scenario and has been monitoring the price situation on a day-to-day basis,

हथकरघा क्षेत्र के लिए योजनाएं

2211. श्रीमती अभिलाषा अभिनन्दन जैन : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आगामी तीन वर्षों के लिए देश में हथकरघा क्षेत्र के लाभार्थ कोई योजना बनाई है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और इन योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए कौनसी क्रियाविधि अपनाने का निर्णय लिया गया है ;

(ग) योजना आयोग ने इस योजना के लिए आठवीं पंचवर्षीय अवधि में कितनी धनराशि आबंटित करने का आश्वासन दिया है ;

(घ) क्या सरकार ने राज्यों, विशेष रूप से गुजरात के लिए ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कोई कार्ययोजना तैयार की है ; और

(ङ.) यदि हां, तो इसकी मुख्य बातें क्या क्या हैं ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी) (क) जी हां ।

(ख) इस अवधि के दौरान कार्यान्वित कुछ महत्वपूर्ण प्लान योजनाओं में हथकरघा विकास केन्द्रों की स्थापना, प्रोजेक्ट पैकेज योजना, कार्यशाला-सह-आवास योजना, थ्रिफ्ट फंड योजना शामिल हैं । हथकरघा क्षेत्र के लिए गैर प्लान योजना में विपणन विकास सहायता योजना प्रमुख हैं । राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर योजनाओं को मंजूरी दी जाती है ।

(ग) हथकरघा क्षेत्र के लिए आंठवी योजना के अंतर्गत अंतरिम आवंटन 621 करोड़ रुपए है ।

(घ) जी हां ।

(ङ.) ग्रामीण विकास मंत्रालय के वर्तमान कार्यक्रमों जैसे आई.आर.डी.पी., इंदिरा विकास योजना और ट्राइसम के अंतर्गत हथकरघों बुनकरों की कवरेज में वृद्धि करने की कार्य योजना है ।

राष्ट्रीय वस्त्र निगम की कुछ मिलों का बन्द किया जाना

2212. श्री एस. एस. अहलूवालिया : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय वस्त्र निगम की कुछ मिलों को बंद करने का फैसला कर लिया है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार ऐसी मिलों की जमीन, मशीनों एवं भवनों का किस प्रकार से उपयोग करेंगी ; और

(ग) क्या सरकार इन सभी को खुले बाजार में बेचने का इरादा रखती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी) : (क) से (ग) सूती वस्त्र अनुसंधान संघ ने वस्त्र मंत्रालय के निर्देशों पर राष्ट्रीय वस्त्र निगम का पुनरुधार करने के लिए नई आधुनिकी-